राजस्थान उच्च न्यायालय के 41वें मुख्य न्यायाधीश बने ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह

चर्चा में क्यों?

30 मई, 2023 को राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में जस्टिस ऑगस्टिन जार्ज मसीह को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह ने राजस्थान उच्च न्यायालय के 41वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लिया।

प्रमुख बिंदु

- पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह ने अंग्रेजी भाषा में शपथ ली।
- समारोह के प्रारंभ में राजस्थान की मुख्य सचिव उषा शर्मा ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा जारी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति अधिसूचना एवं वारंट पढ़कर सुनाया।
- विदित है कि जस्टिस मसीह का जन्म 12 मार्च, 1963 को पंजाब के रोपड़ में हुआ था। उन्होंने सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल, कसौली (एचपी) में प्रारंभिक स्कूली शिक्षा ली और फिर सैफुद्दीन ताहिर हाई स्कूल, अलीगढ़ से स्कूली शिक्षा पूरी की।
- जस्टिस ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह सुप्रीम कोर्ट, पंजाब और हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्यों की हाईकोर्ट में प्रैक्टिस भी कर चुके हैं। वे सहायक महाधिवक्ता, उप महाधिवक्ता और अतिरिक्त महाधिवक्ता के पदों पर भी रहे।
- जस्टिस मसीह को 10 जुलाई, 2008 को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप नियुक्ति मिली थी। 14 जनवरी, 2011 को उन्होंने स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/augustine-george-masih-became-the-41st-chief-justice-of-rajasthan-high-court